SANJAY SINGH
Member of Parliament, (Rajya Sabha)
Leader of Party in Rajya Sabha
Member of
• Parlimentary Standing Committee Urban Development
• Consultative Committee for the Ministry of Housing and Urban Affairs
• Central Silk Board
• Delhi State Haj Committee
• Parliamentary Friendship Group with Latin-America Countries (LAC)

संजय सिंह
सांसद, (राज्य सभा)
राज्य सभा में दल के नेता
सदस्य,
• शहरी विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति
• परामर्शदात्री समिति आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
• केंद्रीय सिल्क बोर्ड
• दिल्ली राज्य हज समिति
• संसदीय मैत्री समूह लैटिन अमेरिकन देश

Ref. No. ____________

Date : ___/___/______

सेवा में,

मानननीय उप राज्यपाल जी,
दिल्ली

**विषय - दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री को दी जा रही यातनाओं के सम्बंध में।**

आदरणीय उप राज्यपाल जी,

नम्र निवेदन के साथ आपको अवगत कराना चाहता हूँ कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ जो कुछ हो रहा है वो अत्यधिक दुःखद है। पूरी दिल्ली की जनता गहरी पीड़ा में है। तिहाड़ जेल को मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी के लिये यातना गृह बना दिया गया है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि LG ऑफिस द्वारा 24 घंटे केजरीवाल जी पर सीसीटीवी कैमरे द्वारा नजर रखी जा रही है और इन सब जानकारियों को प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई जा रही है। आखिर आप यह सब क्यों कर रहे हैं। तीन बार के चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार क्यों किया जा रहा है। आख़िर क्या गुनाह है दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल जी का? यही की उन्होंने दिल्ली के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा दिया, पूरी दिल्ली को अच्छा इलाज दिया, बिजली-पानी फ्री किया, माताओं-बहनों के लिए 1000 रूपये महीने देने की योजना लाये, श्रवण कुमार बनकर बुजुर्ग माताओं बहनों को फ्री में तीर्थ कराया क्या यही गुनाह है?

Office : 129, North Avenue, New Delhi-110001
E-mail : mp.sanjaysingh@sansad.nic.in
Ph.: 011-23092293, 23094739 (M): +91-8588841358, 9721444433

आप तो दिल्ली के LG हैं आप तो केजरीवाल जी की सभी नीतियों को दस्तखत करके पास करते हैं, आप तो खुद देखते हैं कितना शानदार काम दिल्ली की सरकार कर रही है। दिल्ली जैसे स्कूल और अस्पताल पूरा देश मांग रहा है। यह तो गर्व की बात है। लेकिन आपने दिल्ली का सरकारी तंत्र केजरीवाल जी की निगरानी में लगा दिया है। जो जनता का काम छोड़ कर केजरीवाल जी को कैसे प्रताड़ित किया जाय उसकी योजना बना रहा है। आप अरविंद केजरीवाल को 24 घंटे CCTV कैमरे से देखकर क्या जानना चाहते हैं। आप बाथरूम से लेकर खाने तक की निगरानी रख रहे है। क्या आप यह देखना चाहते है कि केजरीवाल जी कितना बीमार हुए और केजरीवाल जी का मनोबल कितना गिरा? उन्होंने क्या पढ़ा क्या लिखा?

आप का पूरा तंत्र निगरानी करता है कि केजरीवाल को दवा तो नहीं मिल रही, वो इन्सुलिन के बिना कितना तड़प रहे है। केजरीवाल की इन्सुलिन बंद करने से उनकी किडनी कितनी ख़राब हुई? उनका लीवर कितना ख़राब हुआ? अरविंद केजरीवाल जी से आपकी वैचारिक दुश्मनी हो सकती है लेकिन यह व्यक्तिगत दुश्मन क्यों। क्या देश की राजनीती में गरीबो के लिए अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ देना अपराध है। अरविन्द जी दुनिया की सबसे बेहतरीन सरकार दिल्ली में चला रहे हैं आप उनके पीछे क्यों पड़े हैं? ज़ब की सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास ही असली शक्ति होनी चाहिए। उसके बाद भी आप दिल्ली के मुख्यमंत्री से इतनी दुश्मनी क्यों रखते है। क्यों आप एक मुख्यमंत्री की जान लेना चाहते है। आप किसी राजनितिक दल के पद पर नहीं हैं इसलिए उससे प्रभावित नही होना चाहिए। राजनितिक दलों में भी मानवीयता होती है किसी व्यक्ति की 24 घंटे जासूसी कराना उसकी जीवन रक्षक दवाई रोक देना तो बहुत अमानवीय है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी की 24 घंटे निगरानी करना, उनकी दवा रोकना और उनको मूलभूत सुविधाओं से वंचित करके उनका मानसिक उत्पीड़न देना उनके जीवन के अधिकारों का हनन है जो अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार के रूप में सभी देशवासियों को मिला है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है क्योंकि एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 की विस्तार से व्याख्या की है जिसमें स्वास्थ्य से लेकर भोजन, जमानत, त्वरित सुनवाई दोस्तों एवं परिवार के सदस्यों से मिलने का अधिकार आदि को इसके अंतर्गत शामिल किया। लेकिन आज देश की राजधानी के अंदर निर्वाचित मुख्यमंत्री के सभी मौलिक अधिकारों का निर्ममता पूर्वक हनन किया जा रहा है।

मुझे दु:ख है कि यह सब पीएमओ एवं आपकी की निगरानी में हो रहा है जो कि विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है। पूरा देश जानता है कि अरविन्द केजरीवाल जी को समाज सेवा में एशिया का नोबेल पुरस्कार रमन मैगसेसे मिला है। उनके किये कामों कि पहचान पूरी दुनिया में है। केजरीवाल जी IRS की नौकरी छोड़कर राजनीति में आये है। 49 दिन में उन्होंने मुख्यमंत्री तक की कुर्सी छोड़ दी। लगातार तीसरी बार बड़े बहुमत से चुनकर मुख्यमंत्री बने और दुनिया की सबसे बेहतरीन सरकार दिल्ली में चला रहे हैं। भारत की पहली ऐसी राज्य सरकार है जो फायदे में है। उसके बाद उनको इतनी यातानाए क्यों दी जा रही है। आपके अत्याचार से केजरीवाल जी के बूढ़े माता-पिता अत्यंत दु:खी है उनके माता-पिता ने समाज सेवा के लिए हमेशा केजरीवाल जी को प्रेरणा दी है। आज जब उनको जेल मे इन यातानाओ के बीच देख रहे हैं तो उनका हृदय भी आहत है। यह लोकतंत्र के खिलाफ एक हिंसक व्यवहार है और विपक्ष को भयभीत करने की कोशिश है।

अतः आपसे अनुरोध है कि जनादेश से चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ इस तरह का आचरण भारत जैसे लोकतांत्रिक देश की मर्यादा और व्यवस्था के खिलाफ है। इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। दिल्ली की जनता उन्हें बहुत प्यार करती है उनको अपना भाई अपना बेटा मानती है दिल्ली की जनता को दु:ख ना पंहुचाइये। उनका विशेष ख्याल नहीं रख सकते हैं तो सामान्य इंसान की तरह तो रहने दीजिये|

आपका,

( संजय सिंह )